### एक नजर में

**सेंटिंग लगाते समय करंट लगने से मजदूर की मौत**

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** समीपवर्ती ग्राम नयागांव(खूमानपुरा) में मकान निर्माण के लिए छत डालने के लिए सेटिंग लगाते समय एक मजदूर को करंट लगा जिसकी मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक गागोरनी के निकट गांव देवपुर निवासी सुरेश पिता प्रभूलाल लोधा मजदूरी पर नयागांव(खूमानपुरा) में मकान की छत पर सेंटिंग बिछा रहा था. जिस मकान का निर्माण कार्य चल रहा था उस निर्माण धीन मकान के ऊपर से 33 के.व्ही.की लाइन निकली हुई हैं अकस्मात करंट की चपेट मजदूर आ गया और मोके पर मोत हो गई. जीरापुर अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया. पुलिस ने मर्ग कायम किया है.

**नई सोयाबीन की मण्डियों में आगमन**



**छापीहेड़ा 24 सितम्बर, सं.** आज मंडी समिति छापीहेड़ा में नई सोयाबीन का शुभ मुहूर्त में श्री गणेश किया गया जिसमें पूजा अर्चना करके मंडी की नीलामी प्रारम्भ की गई जिसमें प्रथम बोली कृषक श्री कालूराम निवासी छापीहेड़ा को श्रीफल साफा बंधवा कर सम्मान किया गया तत्पश्चात सोयाबीन की बोली लगाई गई जो 4025 पर फॉर्म श्री ओमप्रकाश राजेन्द्र कुमार के द्वारा खरीदी गई इसमें मौके पर समस्त अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं मंडी सचिव बी.एल.भिलाला एवं मंडी स्टाफ से दुर्गा प्रसाद शर्मा, विजय कमालिया, बालकिशन दांगी, हरिओम तिवारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे.

**जिला पंचायत सदस्य ने शोक संवेदना व्यक्त की**

**सारंगपुर 24 सितम्बर, सं.** शहर के वार्ड क्र. 16 निवासी शंकर लाल भिल्ला प्रधान अध्यापक का गत दिवस आकस्मिक दुखद निधन हो गया था. जिसके चलते मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य केशव सिंह छावरी, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह छावरी,वार्ड क्र. 16तलेनी पोहच कर शोकुल परिवार के समक्ष शोक संवेदना व्यक्त की. इस दौरान पीवर्ग मोर्चा अध्यक्ष विनोद पुष्पद, कपिल धनगर, शिव चरण भिल्ला, सतीश भिल्ला,राजेंद्र भिल्ला आदि उपस्थिति थे.

**संघ के पंच परिवर्तन से होगा समाज परिवर्तन**

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है. जिसमे विभिन्न वर्ग व श्रेणियों के मध्य अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित हो रहे है, जिसमें पंच परिवर्तन को लेकर वक्ता विषय प्रतिपादन कर रहे है. इसी क्रम में नगर में वरिष्ठ जन श्रेणी की गोष्ठी होटल संस्कृति मे संपन्न हुई, जिसमें नगर में निवासरत 45 वर्ष से ऊपर के नागरिक सम्मिलित हुए. गोष्ठी के मुख्य वक्ता लक्ष्मीनारायण चौहान (प्रांत सह समरसता संयोजक) ने कहा कि वरिष्ठजन अपने जीवन में जो समाज को देकर जाये उसका अनुसरण आने वाली पीढ़ी का समाज करता रहे ऐसा विचार हमारा होना चाहिए. आज समय है कि हम अपने संस्कारों, परंपराओं और सेवा भाव को फिर से जागृत करें. आगामी 12 अक्टूबर को पथ संचलन में शामिल होने के लिए सभी ने अपने विचार प्रकट किये.

**3 दिनों तक 3 थीम का समर्पण**



राजगढ़. राजमहल के विशाल प्रांगण को सजाया जा रहा है.

**उत्साह से लबरेज गरबा टीम**



राजगढ़. नगर में अन्य स्थानों पर भी गरबा किया जा रहा है.

# शक्ति के सृजन का आज गरबे से होगा वंदन

## समर्पण गरबा सीजन 2 का आगाज आज से : 500 प्रतिभागियों ने एक सप्ताह तक की रिहर्सल

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** नजर बाग हनुमान समिति के तत्वाधान में नवरात्रि में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन आज से राजमहल प्रांगण में शुरू होने जा रहा है. 25, 26 और 27 सितंबर को रोजाना करीब 500 प्रतिभागिगो द्वारा अलग अलग थीम पर आधारित गरबा नृत्य किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों द्वारा पिछले करीब एक पखवाड़े से रिहल्सल शुरू कर दी गई थी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी रोजाना घंटों नृत्य कर रहे थे. समर्पण गरबा सीजन 2 के नाम से प्रसारित इस आयोजन को लेकर नजर बाग समिति जोर शोर से तैयारिया में जुटी हुई है. समिति के अध्यक्ष आशीष नागर, कार्यक्रम प्रभारी पंकज विजयवर्गीय के अनुसार इस बार दर्शको के बैठ कर गरबा देखने की निशुल्क व्यवस्था की गई है. वही दर्शकों और प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस का विशेष ध्यान दिया गया है.

**अलग अलग थीम पर होगा आयोजन**

राजमहल प्रांगण में होने वाले समर्पण गरबा के आयोजन समिति के अनुसार हिन्दू संस्कृति, लोक नृत्य, गरबा डांडिया तीनो दिन अलग अलग थीम पर आधारित रहेगा. 26 सितंबर को आर एस एस के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में अथिति द्वारा उध्बोधन भी दिया जाएगा.

## मां वैष्णो देवी को 21 सौ मीटर चुनरी अर्पित की

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 24 सितम्बर, सं.** बुधवार को नगर की राधा रानी महिला मंडल द्वारा वैष्णो माता को 2100 मीटर लंबी चुनरी महिलाओं ने अर्पित की. चुनरी यात्रा दोपहर 12.00 बजे परला पूरा स्थित शीतला माता मंदिर से बैंड बाजा के साथ शुरू हुई.बड़ी संख्या में महिलाएं लाल चुनरी में माता रानी की लाल चुनर अपने हाथों में लेकर माता के जयकारे लगाकर चल रही थी. यात्रा का स्थानीय गांधी चौक पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी व कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. सदर बाजार में विशाल जैन व कृष्ण मुरारी पालीवाल द्वारा सभी महिलाओं को जलपान कराया गया.



# बाइक सहित कच्ची शराब और लाहन का जखीरा बरामद



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी श्री रितेश लाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण,धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है. साथ ही मंगलवार को दो वृत्तों में अलग-अलग कार्यवाही की गई. कार्यवाहियों में ब्यावरा वृत्त प्रभारी श्रीमती पूजा चंदन वर्मा द्वारा ब्यावरा में जिले की संयुक्त आबकारी दल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम आमडोर एवं ग्राम सुंदरपुरा में दबिश कार्यवाही कर अवैध मदिरा एवं लाहन भारी मात्रा में बरामद किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ए, 34(1) एफ के तहत 14 प्रकरण दर्ज कर कुल 80ड्ड्य हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 1350 किलों महुआ लाहन जप्त कर विवेचना में लिया गया.

ज़ब्त मशरूका की अनुमानित लागत लगभग 1 लाख 51 हजार रुपए है. उक्त कार्यवाही में व्रत राजगढ़ प्रभारी संदीप लोहनी, व्रत सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, वृत खिलचीपुर प्रभारी श्री अंकित चौहान मौके पर उपस्थित रहे. इसी प्रकार दूसरी कार्यवाही में राजगढ़ वृत्त प्रभारी श्री संदीप कुमार लोहानी ने राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम चाटुखेड़ा में कंजर अड्डे पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के कुल 3 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए. जिसमें 02, दो पहिया मोटर सायकिल तथा कुल 16.5 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर कार्यवाही की गई.

# जहां अच्छी सीख मिले वहां से ग्रहण करना चाहिए



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया गया. जहां समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीओम शर्मा, उत्कृष्ठ विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता, विशेष अतिथि स्वच्छता नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी ,जिला रेडक्रॉस संगठन प्रभारी राधेश्याम पुरविया , स्काउट प्रभारी गोवर्धनलाल वर्मा ब्लॉक प्रभारी अशोक सेन संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण दांगी एवं अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने की. इस अवसर पर योगेश भावसार , चंदन सिंगी, डॉ. बीएल गुर्जर, स्वच्छता प्रभारी भगवान परिहार रामबाबू दांगी उपस्थित रहे. अतिथियों ने रेडक्रास एक ऐसी संस्था है जिसमें मानव सेवा का लक्ष्य रहता है बच्चों को अनुशासन एवं तत्परता से काम करने की सलाह दी जाती है. विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर वरदानियां ,संजय गौड़ , राधेश्याम तोमर , कमल चौहान , महेंद्रसिंह सोनगिरा, पवन दांगी , अंकुश भावसार, कृपालसिंह सोलंकी , रामेश्वर हरदेनिया और शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे. रेडक्रॉस संबंधित जानकारी राधेश्याम पुरबिया गोवर्धन वर्मा ने दी. मेडिकल आफिसर डॉ कृष्णा अग्रवाल ने अटैक जैसी बीमारियों से सचेत किया. संस्था अध्यक्ष ने भी उद्बोधन में कहा कि विधार्थियों को सीख लेने कि आवश्यकता है देवनारायण दांगी ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई. संचालन दिलीप राठौर ने किया.

**स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं**

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीतसिंह रघुवंशी के निर्देशन में ग्राम पचांयत नांदनी में पीएम श्री उच्चत्तर मावि में छात्राओ द्वारा सिंगल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंध पर रंगोली,निंबध तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की. प्राचार्य मनोज कुमार वत्स ने कहा कि छात्राओ को सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया जावें. विद्यालय के अध्यापक मोहनलाल सुतार, अस्मिता पाटीदार, रामबाबू राठौर,रमेशचन्द भिलाला,बद्रीलाल मालवीय,शाहीद खॉन,आफताब ,रामगोपाल शर्मा , रामसिंह वर्मा,राजेश नागर,अमित कुमार गुर्जर, संध्या शर्मा,अंजली राठौर, माही चन्द्रवंशी, कैलाशचन्द्र दांगी,राहुल मालवीय,जगदीश पवॉर , करणसिंह यादव ग्राम पंचायत सचिव दुलेसिंह परमार , ग्राम रोजगार सहायक भगवानसिंह कॉरपेन्टर आदि उपस्थित थे. अन्त में सरंपच प्रतिनिधि राहुल बांगरी ने प्लास्टिक मुक्त की शपथ/संकल्प दिलवाकर कार्यक्रम का समापन किया.

# आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला में स्वदेशी अपनाने पर जोर

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आज होटल संस्कृति में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में भाजपा के जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर सिंह पंवार, बद्रीलाल यादव, प्रताप मंडलोई, कुंवर कोठार, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका, दिलबर यादव, दीपेंद्र सिंह चौहान, दीपक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष राजगढ़ मनीष जोशी विशेष रूप से मौजूद रहे. भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी ने बताया कि यह आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक सभी मंडलों में चलेगा. कार्यशाला को



जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन में शामिल करेंगे तो अपने देश के व्यापारी भाईयों को लाभ होगा. संचालन जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया एवं आभार जिला महामंत्री रामचंद्र जलालिया ने किया. इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी मोर्चा व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# घुरेल धाम निर्माण के लिए 1 नवंबर को आधारशिला

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/सुठालिया 24 सितंबर, सं.** ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर घुरेल धाम स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर धाम पर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार मंदिर समिति द्वारा बैठक रखी गई. 1 नवंबर को घुरेल पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु आधार शिला रखी जाना है. सभी के सहयोग से घुरेल धाम पर एक विशाल और भव्य मंदिर का निर्माण होगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर धाम के आसपास आने वाले 52 गांव, सुठालिया एवं ब्यावरा से श्रद्धालुओं की ओर से



सहयोग मिले तो इससे मंदिर निर्माण में सभी की सहभागिता होगी. बैठक में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, व्यापारीगण, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग, गांव के पटेल, सरपंच, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर अपने विचार रखे. बैठक में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा नेता जगदीश पंवार, कृष्णपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, डा. विश्वनाथ दांगी, मान सिंह टोंका, पूर्व एसडीएम आलोक कुमार सिंह सहित विभिन्न दल, संगठनों के सदस्यगण, श्रद्धालुजन उपस्थित रहे. सभी ने बारी-बारी से अपने विचार रखते हुए सुझाव दिए. पुजारी बद्रीनाथ महाराज द्वारा मंदिर स्थापना से लेकर आज तक की जानकारी से अवगत कराया. श्याम सिंह चौहान ने समिति के कार्यों का लेखा- जोखा प्रस्तुत किया. विनोद शर्मा ने संचालन किया. समिति के अध्यक्ष होकम सिंह सोंधिया ने आभार माना.

# केसी कॉन्वेट स्कूल की बोर्ड मान्यता यथावत, फिर देंगे शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 24 सितम्बर, का.** नगर के केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम दिया गया है. स्कूल कोड क्रमांक-612064 विगत 15 से 20 वर्षों से शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देता आ रहा है. संस्था के संचालक इंदर सिंह लववंशी ने बताया कि शासकीय मान्यताओं के साथ द्य विगत वर्ष नवीकरण में ऑनलाईन गड़बड़ी के कारण डीपीई और बोर्ड ऑफिस भोपाल में संस्था की मान्यता में कुछ कमियां बताई गई थी जो विद्यालय ने समय रहते दूर कर दिया है. उन्होंने बताया कि उक्त विषय में इंदौर हाईकोर्ट ने 08 अगस्त व 12 सितम्बर 2025 एवं पत्रक्रमांक 31112/ 2025 द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल से हाई स्कूल परीक्षा 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त हो गई है.अत: अभिभावक तथा बच्चे भ्रम में ना आए वार्षिक बोर्ड परीक्षा यथावत रहेगी और सत्र- 2025-26 के हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के कक्षा दसवीं के फॉर्म और कक्षा नवी के नामांकन फार्म समय पर ऑनलाइन भर दिए गए हैं. संचालक श्री लववंशी ने सभी विद्यार्थियों से और अधिक लगन और मेहनत से पढ़ाई करने तथा संस्था, परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन करने की अपील की है.

**मंचन** ▶ अंचल की 53 वर्ष पुरानी रामलीला में केवट संवाद का प्रभावी मंचन हुआ, कलाकारों ने प्रभावित किया

# केवट प्रसंग : जगत खिवैया को नैया से गंगा पार कराई

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 24 सितम्बर, सं.** नगर के शिव चोक में आयोजित श्री गणेश आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का रामायण की चोपाई पर अर्थ सहित वर्णन करके एक एक संवाद का चित्रण बहुत ही सरल एवं अनुकरणीय तरीके से किया जा रहा जिसे श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में भक्तीभाव से पा रहे हैं. मंगलवार को भगवान राम एवं मल्लाह केवट प्रसंग पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी. शुरुआत में राम एवं मंत्री सुमंत का वार्तालाप बताया मंत्री सुमंत ने राम को अयोध्या वापस चलने का आग्रह किया



लेकिन राम ने सुमंत को कहा कि पिता श्री कि आज्ञा का पालन करूंगा इस पर सुमंत ने राम से कहा कि माता सीता को वापस अयोध्या भिजवा दीजिए लेकिन सीताजी ने पति राम के साथ वन में रहने के लिए निवेदन किया. तद् उपरांत केवट राम संवाद में राम ने केवट से गंगा पार कराने का आग्रह किया तो केवट ने कहा कि हे प्रभु मेने सुना है कि जिनके चरणों से पत्थर नारी बन जाती है तो में अपनी नाव में आपको केसे बिठाऊं मेरी नाव लकड़ी की है यदि नाव नारी बन गई तो मेरी रोटी रोजी का क्या होगा. तब राम ने केवट को समझाया और केवट ने राम के चरणों को धोकर राम लक्ष्मण सीता को नाव में सवार करवाया.

जहां पर अतिसुंदर भजन कभी-कभी भगवान को भक्तों से काम पड़े, जाना था गंगा पार प्रभु केवट कि नाव चढें. केवट ने भगवान राम को गंगा पार उतरा. राजा निषाद ने राम से गंगा किनारे रूकने का आग्रह किया लेकिन राम वन कि ओर आगे बढ़े. स्थानीय कलाकार अपनी कलाओं से राम चरित्र मंचन कर रहे. जहां राम का किरदार कृषि मण्डी कर्मचारी-दिलीप जमींदार, लक्ष्मण-प्रकाश गौड़, सीता-ईश्वर दांगी , केवट- जनपद कर्मचारी प्यारेलाल चौहान , मुनि वशिष्ठ-योगेश भावसार , दशरथ- देवीलाल चौहान, सुमंत-शिक्षक अशोक सेन खरला , भरद्वाज ॠषि- तुलावटी महेश कुम्भकार, ॠषि बाल्मीकि-महेश राठौर, निषाद राज-भेरूलाल दांगी ,केवट कि पत्नी- विष्णु गौड़ , कैकयी- कुशाल दांगी , सुमित्रा-गोविंदा तिवारी के किरदार में रामायण के प्रसंगों में अपनी विशेष प्रस्तुति दे रहे. तथा मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद कर रहे, मण्डल के अध्यक्ष पुर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित उपाध्यक्ष गिरीराज जुलानिया है.

# लोकल फॉर वोकल : स्थानीय उत्पादों के 35 स्टॉल सजेंगे

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 24 सितंबर, का.** जिले में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 'वोकल फॉर लॉकल' उत्पाद मेले का आयोजन 25 और 26 सितंबर को राजगढ़ स्थित राजमहल प्रांगण में किया जाएगा. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मेले का आयोजन किया जाएगा. मेले में ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह, उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित इकाइयां, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी तथा जिले में स्थानीय उत्पाद बनाने वाले अन्य कारीगर एवं उद्यमी सहभागिता करेंगे. मेले का मुख्य उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री ही नहीं है बल्कि जिले के स्थानीय उत्पादों की पहचान और प्रोत्साहन भी है. मेले में लगभग 35 स्टॉल लगाए जाएंगे. जिसमें मिट्टी से बने बर्तन और चूल्हे, पौधे एवं गमले, झाड़ू, श्रृंगार की सामग्री, आटा, दाल, बेसन, अचार, खाद्य तेल, फलहारी नमकीन, बिस्किट, बच्चों के खिलौने, लकड़ी व अन्य सामग्री से बनी सामग्री, अन्य उपयोगी घरेलू सामग्री के स्टॉल लगाए जाएंगे. नागरिकों से आग्रह किया गया है कि मेले में पहुंचकर स्थानीय उत्पाद खरीदकर ''वॉकल फॉर लॉकल'' को अपनाएं.

**प्रभारी मंत्री आज जिले के भ्रमण पर**

**राजगढ़ 24 सितम्बर, का.** जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्मम, लघु और मध्य्म उद्यम विभाग मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप 25 सितम्बर को दोपहर 12.00 बजे भेंसवामाता आएंगे. आगमन पश्चामत प्रभारी मंत्री नमो उपवन में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. तत्पभश्चाात दोपहर 01 बजे दीनदयोल जयंती पर संगोष्टी. कार्यक्रम में भाग लेंगे. जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्याप दोपहर 02.00 बजे भेंसवामाता से प्रस्थान कर राजगढ आएंगे. प्रभारी मंत्री दोपहर 02.45 बजे राजमहल प्रांगण में स्वदेशी मेले का उद्घाटन करेंगे. तत्श्चाजत दोपहर 03.15 बजे राजमहल में जीएसटी बचत उत्सेव में सम्मिलित होंगे. प्रभारी मंत्री दोपहर 03.45 बजे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण एवं विकास कार्य की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे. श्री काश्यप सायं 05 बजे राजगढ से प्रस्थान करेंगे.